स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 29.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम के समस्त जोन कार्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस.के.सुन्दरानी के निर्देशन में निगम समस्त जोन कार्यालय के अंतर्गत जोन आयुक्तों के द्वारा अपने–अपने प्रभार वाले वार्डो में अधिक से अधिक आम नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग करे इस हेतु व्यापक रूप से प्रचार प्रसार की जा रहीं है जिसकें अंतर्गत शपथ ग्रहण रंगोली दीप पर्व स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं के बीच निबंध भाषण प्रतियोगिता, रैली का भी आयोजन किया जा रहा है। उक्त निगम क्षेत्र में किये जा रहे कार्य का निगम आयुक्त श्री सुन्दरानी के द्वारा प्रतिदिन वार्डो में भ्रमण कर अवगत हो रहें है। साथ ही मतदान केन्दों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिया जा रहा है।

निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का लगातार निगम आयुक्त श्री सुन्दरानी के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है तथा स्वयं भी रैलियों में उपस्थित होकर नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने हेतु प्रेरित कर रहें है

जनसम्पर्क अधिकारी